<u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर का वार्षिक पुरस्कार वितरण-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार स्थित ऑडिटोरियम में दिनांक 06.12.2018 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर का वार्षिक पुरस्कार/शील्ड पुरस्कार-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री राजीव रंजन मिश्रा,अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक तथा अध्यक्ष-नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर अध्यक्षता में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।

सम्मानित अतिथि के रूप में श्री के.आर. वासुदेवन,निदेशक(वित्त), एमसीएल के साथ-साथ प्रोफेसर के.पी.गुप्त, पूर्व विभागाध्यक्ष(हिंदी),जीएम विश्वविद्यालय,संबलपुर, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो के उप निदेशक श्री सी.पी. सिंह एवं सहायक निदेशक श्री बी.आर. नौटियाल तथा डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर कार्यक्रम में उपस्थित थे। इनके अलावा नराकास,संबलपुर के सदस्य कार्यालय प्रमुख/ प्रतिनिधिगण सक्रियतापूर्वक कार्यक्रम में भाग लिए।

अध्यक्ष महोदय ने विगत दिनों राजभाषा प्रमुख के दायित्व में रहते समय के अपने अनुभवों को साझा किया। हिंदी के प्रति अपने रूझान के संबंध में उन्होंने कहा कि ‘Coal Exploration’ नामक अंग्रजी पुस्तक का हिंदी में अनुवाद उनके द्वारा ही किया गया था जो ‘**कोयले की गवेषना**’ के नाम से प्रकाशित हुआ और बाद में इस पुस्तक को राष्ट्रपति पुरस्कार से भी नवाजा गया ।

अध्यक्ष महोदय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य यदि हार्दिक इच्छा से किया जाए तो लिखने -पढ़ने में कोई कठिनाई नहीं होगी। राजभाषा हिंदी में कार्य करते समय अपने मन के विचारों,भावनाओं को हम जिस भाषा में सोचते हैं उसी रूप में लिखा जाए। क्लीष्ट शब्दों का प्रयोग किसी भी भाषा के विकास में बाधा पहुँचाता है अत: क्लीष्ट या कठिन शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि फिरंगी को फिरंगी ही रहने दें, अपनी भाषा को अपनाएं और प्रयोग में लाएं।

नराकास,संबलपुर के सदस्यों के सहयोग से ‘***एक कदम राजभाषा की ओर***’ शीर्षक से एक लघु ‘डॉक्यूमेंट्री फिल्म’ बनाया गया था जिसका प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान किया गया। दर्शकों ने इसकी खूब सराहना की।

अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से नराकास,संबलपुर के सदस्य कार्यालयों में से चयनित कार्यालयों को बेहतर राजभाषा कार्यान्वयन के लिए पुरस्कार/शील्ड प्रदान किया गया। तत्पश्चात सुर-मंदिर अनुष्ठान, संबलपुर द्वारा बड़ा ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आकाशवाणी द्वारा स्वीकृत संगीतकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। साथ ही डीएवी,आनंद विहार एवं केंद्रीय विद्यालय-1, संबलपुर के स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत संबलपुरी नाच पर दर्शकों की तालियों से पूरा सदन गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े कलाकारों यथा आकाशवाणी के संगीत गायकों एवं वादकों को सदस्य सचिव,नराकास,संबलपुर के हाथों स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन में श्री बी.आर. साहु कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),एमसीएल मुख्यालय का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। एमसीएल मुख्यालय के सुश्री तूलिका बिश्वास, प्रबंधन प्रशिक्षु (राजभाषा) एवं मूनमून अग्रवाल, कनीय अनुवादक(राजभाषा) द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

अंत में श्री मुक्तेश्वर सोनकुसरे,कनीय अनुवादक(राजभाषा),एमसीएल मुख्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक के समाप्ति की घोषणा की गई।

MCL
वार्षिक पुरस्कार वितरण - सह- सांस्कृतिक कार्यक्रम, 2018
दिनांक: 6 दिसम्बर, 2018
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर
स्थान :- महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, बुर्ला, संबलपुर

दिनांक: 6 दिसम्बर, 2018

MCL

MCL
वार्षिक पुरस्कार वितरण - सह- सांस्कृतिक कार्यक्रम, 2018
दिनांक: 6 दिसम्बर, 2018